**Need to provide 200 units free electricity to people displaced due to Tehri Dam Project in Tehri Garhwal and Uttarkashi districts in Uttarakhand.-laid**

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह **(**टिहरी गढ़वाल**) :** मेरे संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल (उत्तराखंड) में भागीरथी नदी पर बना टिहरी बांध भारत का सबसे बड़ा और दुनिया के सबसे ऊंचे बांधों में से एक है । इस बांध से टिहरी तथा उत्तरकाशी दो जिले प्रभावित हुए हैं तथा इससे प्रभावित हजारों परिवारों को अपने गांवों से विस्थापित होना पड़ा है और जो परिवार वहां निवास कर रहे हैं वह भी बुरी तरह से प्रभावित हैं । दोनो जिलों के लोगों की काफी वर्षों से मांग रही है कि टिहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट से पैदा होने वाली बिजली प्रभावित जिलों के लोगों को कम से कम 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाए । इसके लिए समय समय पर आंदोलन भी होते रहे हैं । यह मांग काफी वर्षों से की जा रही है । मेरा माननीय ऊर्जा मंत्री से आग्रह है कि टिहरी तथा उत्तरकाशी जिले के लोगों को 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाए ।